राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र विश्व की सबसे ऊंची "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" पहुंचे

राज्यपाल ने कहा, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए प्रेरित करती है लौह पुरुष पटेल की प्रतिमा

केवड़ियां, गुजरात/जयपुर, 12 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को गुजरात के केवड़िया में नर्मदा नदी पर स्थित विश्व की सबसे ऊंची "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" पहुंचे। उन्होंने वहां नर्मदा के साधु द्वीप पर स्थित 182 मीटर की ऊंचाई वाली सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को नमन करते हुए अपनी श्रद्धा अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के अग्रदूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की समृति को अक्षुण रखने भारत सरकार ने यह महती पहल की है।

श्री मिश्र ने विंध्याचल और सतपुड़ा पर्वतमाला के बीच खूबसूरत हरियाली और मनमोहक नज़ारों में दुनिया की सबसे बड़ी इस प्रतिमा को पर्यटन की दृष्टि से भी नायाब बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए प्रेरित करती लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अनूपम उदाहरण है।

राज्यपाल ने बाद में सरदार सरोवर बांध भी देखा।
राज्यपाल के प्रतिमा स्थल पहुंचने पर "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म गवर्नेंस अथॉरिटी" एकता नगर के अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। अधिकारियों ने उन्हें इस दौरान दुनिया की सबसे विशाल प्रतिमा निर्माण के विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल को "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म गवर्नेंस अथॉरिटी"द्वारा सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा का प्रतिरूप और इससे संबद्ध पुस्तक भेंट की गई।

THE MAKING OF

STATUE OF UNITY
एक भारत, श्रेष्ठ भारत.
एक भारत
श्रेष्ठ भारत